अमर उजाला
राजधानी
वर्ष 11 | अंक 238 | पृष्ठ : 20+8=28
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण
लखनऊ
सोमवार, 25 फरवरी 2019



# सड़क हादसे में लखनऊ में तैनात प्रोफेसर के परिवार के तीन लोगों की मौत

## कुंडा में ट्रक से टकरा गई कार प्रोफेसर समेत दो घायल

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज में कुंभ स्नान कर लौट रहे आगरा के रहने वाले इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर की कार कुंडा इलाके में ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आगरा के कासगंज थाना क्षेत्र के एमपीपुरा निवासी प्रियांक शर्मा (40) पुत्र सुरेंद्र प्रताप शर्मा लखनऊ में एक इंजीनियरिंग कालेज में प्रोफेसर हैं। प्रियांक शर्मा अपने परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए शनिवार को प्रयागराज गए थे। रविवार सुबह लौटते समय कुंडा में बाईपास पर बेंती चौराहे के पास उनकी कार डीसीएम से भिड़ गई। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी को अस्पताल भेजवाया। कुंडा सीएचसी में चिकित्सकों ने जांच के बाद सुरेंद्र प्रताप शर्मा व उनकी बहू अर्चना (36) पत्नी प्रियांक को मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही गंभीर रूप से घायल प्रियांक, बेटी नव्या (10) व सिया (3) को रेफर कर दिया। प्रयागराज एसआरएन ले जाते समय रास्ते में सिया की भी मौत हो गई। ब्यूरो